# छतरपुर जिला





नवभारत
भोपाल, बुधवार 22 जुलाई, 2026

### एक नजर में



## बाइक पर चढ़ा सांप, मची अफरा-तफरी

**छतरपुर, 21 जुलाई.** शहर के व्यस्त जवाहर रोड स्थित अंजनी ट्रांसपोर्ट के सामने मंगलवार को एक खड़ी बाइक पर जहरीला सांप चढ़ जाने से अफरा-तफरी मच गई. बाइक चालक जैसे ही वाहन के पास पहुंचा, उसकी नजर सांप पर पड़ गई .उसने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाइक से दूरी बना ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया .घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांप कुछ देर तक बाइक के अलग-अलग हिस्सों में घूमता रहा, जिससे कोई भी वाहन के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका .बाद में आसपास मौजूद लोगों ने सावधानी बरतते हुए काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित तरीके से बाइक से हटाया .इसके बाद ही यातायात सामान्य हो सका. बारिश का मौसम शुरू होने के साथ जिले में सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ रही हैं .विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच करें, आसपास साफ-सफाई रखें और सांप दिखाई देने पर उसे पकड़ने या मारने की कोशिश न करें .ऐसी स्थिति में वन विभाग या प्रशिक्षित सर्प विशेषज्ञ को सूचना दें तथा सर्पदंश होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार कराएं .




## ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय में की शिकायत

**छतरपुर.** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत दर्ज कराई .ग्रामीणों ने जानवर की मौत से जुड़े विवाद, मोबाइल जब्त करने और झूठा प्रकरण दर्ज किए जाने सहित विभिन्न मामलों में आवेदन सौंपा .सीएसपी ने बताया कि सभी आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

# बारिश में डटे रहे युवा, इस्तीफा मांगा

## दिल्ली छात्र आंदोलन के समर्थन में कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रदर्शनकारी



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जुलाई. दिल्ली में चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को युवाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई के बाहर प्रदर्शन किया. तेज बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और कलेक्टर से मुलाकात की मांग करते रहे.**

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हर्षवर्धन शुक्ला ने बताया कि वे लगातार दूसरे दिन कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी.उन्होंने कहा कि सोमवार को भी ज्ञापन देने के बाद मंगलवार को दोबारा प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने पहुंचे थे.

प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक प्रकरण, परीक्षा प्रणाली में सुधार और छात्रों के साथ कथित दमनात्मक कार्रवाई बंद करने की मांग उठाई.मयंक शुक्ला ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए.वहीं, वरुण पांचाल ने बताया कि दिल्ली में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में भी यह प्रदर्शन किया गया.

कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने पर अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे.उन्होंने ज्ञापन लेकर युवाओं की मांगों पर चर्चा की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.इसके बाद प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक लौट गए.

# नशा मुक्ति अभियान में प्रतिभा दिखाने का मौका

- 'मेरा युवा भारत' के तहत युवाओं के लिए 8 प्रतियोगिताएं
- जिला विजेता करेंगे राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जुलाई. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) द्वारा 'नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान' के तहत जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है.**

अभियान का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उन्हें नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना है.

अभियान के अंतर्गत लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म/रील निर्माण, नारा लेखन और कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी.इच्छुक प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कर 'वॉलंटियर फॉर भारत' के अंतर्गत उपलब्ध नशा मुक्ति युवा कैंपेन इवेंट में ऑनलाइन आवेदन करना होगा.आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है.

> जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छतरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे .राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 14 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय नशा मुक्ति युवा कॉन्क्लेव में भाग लेने का अवसर मिलेगा .जिला युवा अधिकारी मयंक पाठक ने जिले के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़ने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की अपील की है .

## कट्टा-कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**छतरपुर.** गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है.पुलिस को सोशल मीडिया पर हथियार लहराने का वीडियो मिलने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई थी. रोड पेट्रोलिंग के दौरान सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अटरा सरकार गेट के पास पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी जितेंद्र सिंह परमार निवासी ग्राम बारी को पकड़ लिया.पुलिस ने आरोपी के न्यायालय में पेश किया.

# गांव की बेटी को 60 दिन में मिलीं दो सरकारी नौकरी

- छोटे दुकानदार की बेटी ने बढ़ाया छतरपुर का मान
- आरती ने एसआई स्टेनो परीक्षा में प्रदेश में पाई दूसरी रैंक



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जुलाई. छतरपुर जिले के ग्राम गंज की होनहार बेटी आरती अग्रवाल ने मप्र पुलिस सब इंस्पेक्टर (स्टेनो) परीक्षा में अपनी श्रेणी में पूरे प्रदेश में दूसरी रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है.उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे जिले में खुशी का माहौल है.आरती की सफलता को ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है.**

आरती के पिता महेश कुमार अग्रवाल गांव में बर्तन की छोटी दुकान संचालित कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं.सीमित संसाधनों के बावजूद आरती ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई गांव के ही विद्यालय से पूरी की.कठिन परिस्थितियों के बीच भी उन्होंने मेहनत और लगन से अपनी पढ़ाई जारी रखी और यह मुकाम हासिल किया. आरती की सफलता की खास बात यह है कि बीते 60 दिनों में उनका चयन दो सरकारी नौकरियों में हुआ है.इससे पहले उनका चयन माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (वर्ग-3) में हुआ था.अब एमपी पुलिस सब इंस्पेक्टर (स्टेनो) परीक्षा में प्रदेश में दूसरी रैंक प्राप्त कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का एक और परिचय दिया है.

आरती की इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज, ग्राम गंज के ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है.उनकी सफलता ने यह साबित किया है कि कठिन परिस्थितियां भी दृढ़ संकल्प और मेहनत के आगे बाधा नहीं बन सकतीं.उनकी उपलब्धि जिले के युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है.

## आकांक्षा दीप्ति का यूपी एसआई में चयन

**छतरपुर, 21 जुलाई.** लवकुशनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद सिंह परिहार की पुत्री आकांक्षा दीप्ति सिंह परिहार का उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ है. उन्होंने सीमित संसाधनों और बिना कोचिंग के हासिल की. इस सफलता से नगर में खुशी का माहौल है.आकांक्षा इससे पहले भी एमपी पुलिस, दिल्ली पुलिस, यूपी पुलिस और आरपीएफ की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुकी हैं.उनकी उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं.



# 20 वार्डों की सफाई व्यवस्था ठप



- सीएमओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर/नौगांव, 21 जुलाई. नगर पालिका नौगांव में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही.**

पिछले 48 घंटे से सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण शहर के करीब 20 वार्डों में कूड़े के ढेर लग गए हैं.डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों का आरोप है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस. अवस्थी ने एक सफाई कर्मचारी के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र व्यवहार किया.कर्मचारी ने इस मामले की शिकायत नौगांव थाने और बाद में एसडीएम से भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर सफाई कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी.

शहर में बढ़ती गंदगी को देखते हुए नागरिकों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर विवाद का समाधान निकालने और सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है.वहीं, सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी.समाचार लिखे जाने तक नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी.

# विधायक ने विधानसभा में उठाए विकास से जुड़े मुद्दे

## राजेश शुक्ला ने की ईशानगर नगर परिषद की मांग

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जुलाई. बिजावर विधायक राजेश शुक्ला 'बबलू' ने विधानसभा में युवाओं की शिक्षा और क्षेत्रीय विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए.उन्होंने तकनीकी शिक्षा मंत्री के समक्ष 3 वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा को 12वीं के समकक्ष पूर्ण मान्यता देने की मांग की, ताकि डिप्लोमा धारकों को स्नातक एवं शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.**

विधायक ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारकों को कई प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.उन्होंने शासन से इस विसंगति को दूर कर डिप्लोमा धारकों को 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के समान अवसर उपलब्ध कराने की मांग की.

इसके अलावा विधायक बबलू शुक्ला ने छतरपुर जिले की ईशानगर ग्राम पंचायत को नगर परिषद का दर्जा देने के लिए विधानसभा में आधिकारिक याचिका भी प्रस्तुत की, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर सदन में प्रस्तुत करने की अनुमति दी.विधायक ने कहा कि नगर परिषद बनने से क्षेत्र में अधोसंरचना, सड़क, स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा.क्षेत्रवासियों ने उनके इस प्रयास का स्वागत किया है.



> **बिजावर और जटाशंकर धाम को रेल नेटवर्क से जोड़ने का प्रस्ताव**
>
> विधायक राजेश शुक्ला 'बबलू' ने भोपाल-सागर-छतरपुर-खजुराहो एवं दमोह-हटा-खजुराहो प्रस्तावित रेल मार्ग में बिजावर और श्री जटाशंकर धाम को शामिल करने की मांग को लेकर विधानसभा में अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया है .नियम 117 के तहत दिए गए इस संकल्प पर 24 जुलाई को सदन में चर्चा होगी .विधायक ने कहा कि बिजावर और जटाशंकर धाम को रेल कनेक्टिविटी मिलने से पर्यटन, धार्मिक गतिविधियों और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी तथा लाखों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी .

# स्थानीय परिवाद समिति का होगा गठन

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जुलाई. कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिरोध एवं प्रतिषेध) अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जिले में महिलाओं की शिकायतों के निराकरण के लिए स्थानीय परिवाद समिति (एलसीसी) का गठन आगामी तीन वर्ष के लिए किया जाएगा.**

समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों से 8 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. समिति के अध्यक्ष पद पर ऐसी महिला का चयन किया जाएगा, जो सामाजिक कार्य के क्षेत्र में प्रख्यात होने के साथ महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध हो. इसके अलावा एक सदस्य जिले के किसी विकासखंड, तहसील, वार्ड अथवा नगर पालिका में कार्यरत महिला होगी.वहीं दो सदस्यों का चयन महिलाओं के हित में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों से किया जाएगा.इनमें एक सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा अल्पसंख्यक समुदाय से होना अनिवार्य है तथा कम से कम एक सदस्य को विधिक ज्ञान होना चाहिए.

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है.आवेदन 8 अगस्त तक कार्यालयीन समय में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला छतरपुर के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं.

# लालवानी बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**छतरपुर, 21 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार के तहत छतरपुर के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी लालचंद लालवानी (लालू) को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है.नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और समर्थकों में खुशी का माहौल है.समर्थकों ने इसे व्यापारी वर्ग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए लालवानी को शुभकामनाएं दीं.

नियुक्ति के बाद लालवानी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा.भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारी संगठनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व से व्यापारी प्रकोष्ठ को नई मजबूती मिलेगी और व्यापारी समाज की भागीदारी संगठन में और अधिक सशक्त होगी.

**अनदेखी** — बगौता के ऐतिहासिक तालाब और मंदिरों की पवित्रता पर संकट

# चंदेलकालीन तालाब में जा रहा है सीवर का गंदा पानी

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जुलाई. ग्राम पंचायत बगौता के ऐतिहासिक चंदेलकालीन तालाब में शहर की नजदीकी कॉलोनियों और सीवर लाइन का गंदा पानी छोड़े जाने का मामला सामने आया है.इससे तालाब के किनारे स्थित पौराणिक श्री मोहन बिहारी मंदिर और रामजानकी मंदिर की पवित्रता प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है.**




ग्रामीणों का कहना है कि चौबे कॉलोनी, सनसिटी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों का दूषित पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है.इसके कारण मछलियों के मरने, दुर्गंध फैलने और आसपास के क्षेत्र में महामारी फैलने की आशंका भी जताई गई है.

ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण और कृषि की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है. सागर रोड और देरी रोड क्षेत्र का भू-जल स्तर तथा बगौता के बड़े हिस्से की सिंचाई इसी तालाब पर निर्भर है.उनका कहना है कि यदि जल्द गंदे पानी की निकासी नहीं रोकी गई तो ऐतिहासिक तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है. पवन राजावत, सुंदर रैकवार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब में गंदा पानी छोड़ने पर तत्काल रोक लगाने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.

# पुलिस की तत्परता से 2 साल की मासूम परिजनों से मिली

**नवभारत न्यूज**

**चंदला, 21 जुलाई. चंदला नगर में डायल-112 पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक परिवार की खुशियां वापस लौट आईं. गनपतखोड़ा निवासी रामनरेश राजपूत अपनी दो वर्षीय नातिन लक्ष्मी राजपूत को साथ लेकर किसी कार्य से चंदला आए थे. बाजार में अधिक भीड़ होने के कारण मासूम लक्ष्मी अचानक अपने परिजनों से बिछड़ गई.**



परिजनों ने काफी देर तक बच्ची की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चलने पर तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी.सूचना मिलते ही डायल-112 में पदस्थ आरक्षक राजेंद्र सिंह राजपूत एवं पायलट गंगाप्रसाद प्रजापति मौके पर पहुंचे और बच्ची की खोज शुरू कर दी. पुलिस टीम ने बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में करीब दो घंटे तक लगातार तलाश अभियान चलाया. अथक प्रयासों के बाद मासूम लक्ष्मी सकुशल मिल गई.इसके बाद पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया. अपनी नातिन को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और डायल-112 पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया. नगरवासियों ने भी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में डायल-112 ने मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया.